तापमान
अधिकतम 13.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 जनवरी 2024

13 तलवारबाजी में एमडीएन के छात्र ने जीता स्वर्ण पदक



14 महम में छात्राओं ने किया योगाभ्यास



## खबर संक्षेप

### शहर में आज

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल सुबह 10 बजे वर्चुअली विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से
- रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक।

### बिजली कट

- सुबह 10 से 1 बजे तक *मेडिकल कैंपस, गर्ल होस्टल, बॉय होस्टल।*
- सुबह 10 से 2 बजे तक *सेक्टर-5*

### मायना में एनएसएस शिविर का आयोजन

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक की एनएसएस इकाइयों द्वारा मायना गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर का शुभारंभ रिटायर्ड प्राचार्या डॉ संतोष मुदगिल कन्या महाविद्यालय, बहादुरगढ़ द्वारा किया गया। इस कैंप का आयोजन एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर सोफिया जाखड यूनिट-1 और डॉ सविता मलिक एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर यूनिट 2 द्वारा किया गया।

### राजकीय महिला कालेज में आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में महिला प्रकोष्ठ के तत्त्वावधान में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या इंदु सपरा ने की। प्रशिक्षक रणवीर ने छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट्स के गुण सिखाए।



### पटवारी-कानूनगो का धरना जारी

**रोहतक।** दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन का तहसील कार्यालय में गत 3 जनवरी से धरना मंगलवार को भी जारी रहा। धरने के छठे चरण के पहले दिन हड़ताली कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ पहले की तरह ही नारेबाजी की। एसोसिएशन जिला प्रधान रवि सैनी ने बताया कि धरना प्रदर्शन के चलते तहसील में सारे काम ठप हो गए हैं। भूमि से जुड़े कार्य व डॉमिशियल इनकॉम सर्टिफिकेट नहीं बन रहे। जनता इतनी परेशान है। इसके बावजूद सरकार हड़ताल खत्म करवाने का प्रयास नहीं कर रही है।

### एमडीयू छात्रा दीप्ति ने उत्तीर्ण किया नेट

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र विभाग की एमएसमाजशास्त्र चौथे सेमेस्टर की छात्रा दीप्ति ने दिसंबर 2023 में आयोजित यूजीसी-नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. देसराज समेत सभी प्राध्यापकों ने दीप्ति को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। दीप्ति ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं परिजनों का दिया है। दीप्ति ने कहा कि वे उच्च शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाना चाहती हैं।



दीप्ति

---

सीएम ने बोस की 128वीं जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह को किया संबोधित

# नेताजी सामान्य नाम नहीं, बल्कि देश की आजादी की पूरी कहानी है : मनोहर लाल

### खास बातें

- नेताजी ने देशवासियों में जागृत किया आत्मविश्वास व आजादी की लौ : मनोहर लाल
- गर्म व नर्म दल के नेताओं ने मिल हिला दी अंग्रेजों की चूलें
- प्रधानमंत्री मोदी ने नेताजी की स्मृति में किए अनेक कार्य
- 22 जनवरी 2024 का दिन देश के इतिहास में हुआ अंकित
- लोग परिश्रम करें, निष्ठावान बनें, ईमानदारी से समाज सेवा की भावना से बढ़ें आगे



रोहतक। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।



रोहतक। मुख्यमंत्री मनोहर लाल को स्मृति चिंह भेंट करते सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर,भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा।

### सीएम ने गुफा वाले मंदिर में मत्था टेका



इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने स्थानीय मॉडल टाऊन स्थित गुफा वाला मंदिर में मत्था टेका। उन्होंने मंदिर में सभी प्रदेशवासियों के लिए मंगल कामना की। इसके उपरांत उन्होंने स्थानीय सुभाष चौक पर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल सामान्य नाम नहीं हैं, बल्कि वे देश की आजादी की पूरी कहानी हैं। उन्होंने नेताजी को पराक्रम की मूर्ति की संज्ञा देते हुए कहा कि उन्होंने देशवासियों में आजादी की लौ तथा आत्मविश्वास जागृत किया। नर्म और गर्म दल के नेताओं ने मिलकर अंग्रेजों की चूलें हिला दी तथा अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश कर दिया।

मनोहर लाल स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय परिसर में संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में अनेक कार्य किए है। नेताजी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाना शुरू किया तथा गणतंत्र दिवस की तैयारी भी 23 जनवरी से शुरू करने के निर्देश दिए।

### हजारों नौजवानों को किया देश की आजादी के लिए संगठित

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर हजारों नौजवानों को देश की आजादी के लिए संगठित किया। गर्म दल के नेताओं ने लम्बे संघर्ष के बाद देश को आजाद करवाया, वहीं नर्म दल के नेताओं विशेषकर महात्मा गांधी ने असहयोग आन्दोलन चलाकर संघर्ष का बिगुल बजाया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने ही सर्वप्रथम महात्मा गांधी के लिए राष्ट्रपिता की उपाधि की बात की थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1942 में आजाद हिंद फौज का गठन किया।

### तीन जाबांजों को सम्मानित

सीएम ने कहा कि लगभग 80 वर्षों से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद हरियाणा में आजाद हिंद फौज के 3 सिपाही जीवित हैं। उन्होंने कहा कि जिला उपायुक्त को यह निर्देश दिए गए थे कि आजाद हिंद फौज के जो सिपाही जीवित हैं तो उन्हें सम्मानित किया जाए, यही हमारी और से नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिला रेवाड़ी के गांव बुरथला के हरि सिंह आयु 105 वर्ष, कोसली के मंगल सिंह आयु 102 वर्ष तथा जिला महेंद्रगढ़ के गांव मांडी के जय प्रकाश आयु 98 वर्ष, आज भी जीवित हैं और आज इनके घर जाकर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया है।



रोहतक। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं और इस दौरान अपनी प्रस्तुति देते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

### युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है नेताजी सुभाष चंद्र बोस : डॉ. अरविंद शर्मा

लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने देश की आजादी के लिए लोगों में आत्मविश्वास और आजादी की लौ जागृत करने के लिए तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा बुलंद किया।

### केंद्र व प्रदेश सरकार ने किया व्यवस्था परिवर्तन : रामचंद्र जांगड़ा

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने देश की आजादी से जुड़ी सच्ची घटनाओं को देशवासियों के सामने नहीं आने दिया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने वर्ष 1947 से 4 वर्ष पूर्व पोर्ट ब्लेयर में तिरंगा झंडा फहराकर देश की आजादी की घोषणा कर दी थी।

### प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने की है अंतिम व्यक्ति की चिंता : पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर

पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गरीबी की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति की चिंता करते हुए उनके उत्थान के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है। ग्रोवर ने कहा कि वर्ष 2047 देश युवा पीढ़ी के सपनों का भारत होगा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिला गरीब वंचितों को मौके पर हक : सतीश नांदल

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने समारोह के मुख्यातिथि तथा अन्य अतिथिगण को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गरीब वंचित लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। भाजपा प्रदेश सचिव रेनू डाबला तथा पार्टी की वरिष्ठ नेत्री राधा अहलावत ने भी लोगों को संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने समारोह के मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथिगण तथा उपस्थितगण का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे उपस्थित

इस समारोह में मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर राजकुमार कपूर, ओएसडी गजेंद्र फौगाट, उपायुक्त अजय कुमार, उपमंडलाधीश विवेक आर्य (आईएएस), एसपी हिमांशु गर्ग, एएसपी मेधा भूषण, एडीसी महेश कुमार, नगराधीश मुकुंद तंवर, सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृतिक विभाग के अतिरिक्त निदेशक (क्षेत्र) डॉ. कुलदीप सैनी, सुभाष बत्तरा, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजु हुड्डा, भाजपा प्रदेश मीडिया सहप्रमुख शमशेर खरक, मेयर मनमोहन गोयल, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, डॉ. दिनेश घिलौड़, विपल बत्तरा, अजय निझावन, कृष्ण खेत्रपाल, अशोक खुराना, नरेंद्र खट्टर, हरिओम भाली, अमित बंसल, अशोक सहगल, रूबल, पंकज चौधरी, विपिन गोयल सहित आदि उपस्थित रहे।

---

## सिविल जज ने बाल सुरक्षा संस्थान का किया दौरा



**रोहतक।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा नव नियुक्त सिविल जज जूनियर डिविजन रोहतक डॉ. सुशीला, ममता, रवि अमितोज, परीक्षित व हिमांशु को विभागीय ट्रेंनिंग के दौरान मंगलवार को जगन्नाथ बाल भवन में चल रहे बाल सुरक्षा संस्थान का दौरा कराया गया। उन्होंने बताया कि मनुष्यों की श्रेणी में जन्म लेने वाले प्रत्येक प्राणी की एक गरीमा होती है और मनुष्य होने के नाते उसे गरीमामय जीवन जीने का पूरा अधिकार है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के पैनल के वरिष्ठ अधिवक्ता राजबीर कश्यप व संदीप कुमार ने बताया कि बाल कल्याण समिति की सिफारिशों पर जगन्नाथ बाल भवन में 6 से 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को जगन्नाथ बाल भवन के चाइल्ड केयर इंस्टीटयूट में रखा जाता है। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण समिति की चेयरमैन आशा आहूजा, समिति की सदस्या वीना कौशिक, कोमल खन्ना, अंजूबाला, परिविक्षा अधिकारी सुषमा ढाका, पीएलवी साहिल मौजूद रहे।

---

गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर प्रशासन सख्त

# बम निरोधक दस्ते का चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए सभी पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के संबंध में सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मंगलवार को पुलिस ने बम निरोधक दस्ता निरीक्षक बलवान सिंह के नेतृत्व में बम निरोधक दस्ता द्वारा रोहतक मे निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। टीम द्वारा रेलवे स्टेशन पर जीआरपी टीम के साथ संयुक्त रुप से मिलकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अलावा पालिका बाजार, सांपला बस स्टैंड, बस स्टैंड सांपला पर स्थित पार्किंग में गहनता से वाहनों की बारीकी से चेकिंग की। इस दौरान सांपला बस स्टैंड पर बसों के अंदर व बस अड्डा परिसर में जांच की गई। अत्याधुनिक हथियारों से लैस स्वाट टीम, जो आधुनिक हथियारों से लैस है, शहर में निरंतर गश्त कर रही है। स्वाट टीम को असमाजिक तत्वों से निपटने के लिए आधुनिक उपकरण मुहैया कराए गए है। एसपी ने बताया कि सभी राजपत्रित अधिकारी, प्रभारी थाना-चौकी अपने-अपने इलाकों में सर्चिंग व काम्बिग अभियान चलाए हुए हैं।



रोहतक। रेलवे स्टेशन पर चेकिंग करती बम निरोधक दस्ता व जीआरपी टीम।

### जिले में की गई विशेष नाकाबंदी

गणतंत्र दिवस पर जिला पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए है। सुरक्षा के लिए पहले से विशेष रूप से स्थान चिन्हित कर नाकाबंदी की गई है। सभी नाकों पर पुलिस जवान हथियार, वाकी टाकी सैट व अन्य आधुनिक उपकरण सहित तैनात होंगे। प्रत्येक नाके पर संदिग्घ व्यक्तियों/वाहनों की गहनता से जांच की जाएगी।

### ऑटो चालकों को किया सचेत

पुलिस ने रेलवे स्टेशन के अलावा बस अड्डे के बाहर सवारियों को लेने वाले ऑटो चालकों को भी आगाह किया है। ऑटो चालकों को बताया गया कि वे ऑटो में बैठने वाली तमाम सवारियों पर निगाह रखें और कोई संदिग्ध स्थिति दिखाई देने पर तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें।

### अलर्ट पर जिला पुलिस

गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने राजमार्ग और लिंक मार्गों पर नाके लगाकर जांच अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस, गुप्तचर विभाग सहित पुलिस के अन्य विभागों ने ढाबों और होटलों के अलावा बसों व ट्रेनों में भी नजर रखे है। राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

### संदिग्ध नजर आए तो दें सूचना

एसपी हिमांशु गर्ग ने कहा कि आपके आसपास अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति रहता है तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित व नजदीकी थाना-चौकी में दें। अगर आपको कोई संदिग्ध वस्तु या वाहन मिलता है तो इसकी सूचना भी तुरंत संबंधित या नजदीकी थाना-चौकी में दे। इसके अलावा आमजन डायल 112 पर भी सूचने दे सकते हैं। रोहतक पुलिस की ओर से सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

---

## श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय की टीम ने कांस्य पदक जीता



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में दिनांक 18 से 20 जनवरी 2024 को अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में श्रीलालनाथ हिंदू महाविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर अनिल कुमार तनेजा ने टीम के सभी खिलाड़ियों वरुण, हर्ष, विश्व गोयल, हंसराज व अनमोल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में स्थान लेना इतना महत्वपूर्ण नहीं जितना प्रतियोगिता में भाग लेना है। आप सभी हर प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ देकर गौरवांवित महसूस करें। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग अध्यक्ष डॉ प्रदीप श्योराण एवं प्रेम सिंह, कुमारी मोना ने बधाई दी। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अंजू देशवाल ने सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभ आशीष एवं शुभकामनाएं दी।

---

लेक्चरर की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा

# शिक्षा मंत्री गुर्जर व निदेशक से मिला सलाह प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह ) का एक प्रतिनिधि मंडल चंडीगढ़ में शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर, स्कूल शिक्षा महानिदेशक जितेंद्र कुमार व संयुक्त निदेशक विजय यादव आदि अधिकारियों से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने लेक्चर की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र दिया और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने की मांग रखी। शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सलाह के मांग पत्र पर गौर करते हुए शिक्षकों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। सलाह के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि शिक्षा मंत्री व निदेशक एवं संयुक्त निदेशक से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात बेहद सार्थक रही। शिक्षकों का 20 सूत्रीय मांग पत्र शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभाग अधिकारियों को दिया गया है। शिक्षा मंत्री व निदेशक ने शिक्षकों की मांगों को सही मानते हुए जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। सलाह प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष राजवीर धारेडू, महासचिव अजय मलिक, अनिल सैनी, बीबी गुप्ता, लीलू राम शास्त्री, देवेंद्र व हेमंत कुमार,संजीव शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### ये की गई हैं मांगें



1. पीजीटी/लेक्चरर की नवीनतम वरिष्ठता सूची जारी करते हुए सभी को कन्फर्म किया जाए।
2. पीजीटी/लेक्चरर से प्रिंसिपल की पदोन्नति सूची अति शीघ्र जारी की जाए।
3. पीजीटी/लेक्चरर से पहली पदोन्नति प्रिंसिपल के पद पर होती है तो पहली एसीपी में 5400 ग्रेड पे के स्थान पर प्रिंसिपल के पद का ही पे स्केल मिलना चाहिए
4. कॉलेज कैडर की तरह एसीपी 4,9,14 वर्ष में प्रदान की जाए। एसीपी फाइल पास करने के लिए समय सीमा निर्धारित होनी चाहिए।
5. उप प्रधानाचार्य का पद बनाया जाए।
6. पीजीटी/लेक्चरर के लिए 5400 ग्रेड पे लागू किया जाए।
7. सीसीएल एवं हायर एजुकेशन की अनुमति व विदेश जाने के लिए एनओसी के लिए ऑनलाइन आवेदन होना चाहिए।
8. सभी हाई स्कूल को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में बदला जाए।
9. ब्लाक स्तर के सभी स्कूल में भूगोल विषय व कन्या स्कूल में गृह विज्ञान का पद स्वीकृत होना चाहिए। जिस स्कूल में वाणिज्य संकाय व विज्ञान संकाय है उन सभी स्कूलों में संकाय से संबंधित सभी विषयों के पद होने चाहिए।
10. हरियाणा राज्य के सभी राजकीय विद्यालय, मॉडल संस्कृति स्कूल एवं पी एम श्री स्कूल को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत ही रखना।
11. सभी शिक्षकों के लिए चिकित्सा अवकाश प्रदान किए जाए।
12. राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों में दाखिला करने की चिराग योजना को समाप्त किया जाए।
13. एलटीसी स्वीकृत होने के बाद ट्रेजरी से बिल तुरंत प्रभाव से पास करने बारे।
14. स्कूल कैडर से कॉलेज कैडर में पदोन्नति।
15. पीजीटी/लेक्चरर को भी ग्रुप सी की भांति एच सी एस / आई ए एस की आंतरिक भर्ती में शामिल होने का अवसर प्रदान करे।
16. बोर्ड परीक्षा की डिजिटल मार्किंग बंद की जाए। इसमें समय व पैसे की बर्बादी है।
17. शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य न लिया जाए।
18. सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल की जाए।
19. महंगाई भत्ता 25% होने पर एचआरए 9%, 18% व 27% जारी करने बारे।
20. शिक्षक स्थानान्तरण पालिसी में 5 वर्ष की ग्रामीण सेवा अनिवार्य करने, बोर्ड परीक्षा के अंक प्रदान करने, सर्विस के अनुभव के अंक प्रदान करने व ब्लाक की अपेक्षा जोन अनुसार स्कूल चयन के अवसर उपलब्ध करवाना।

---

## 49 हजार 777 की ऑनलाइन ठगी

**महम।** गांव चिड़ी में एक व्यक्ति के साथ 49 हजार 777 रुपए की ऑन लाइन ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। थाना लाखनमाजरा में दी शिकायत में चिड़ी गांव निवासी सुखबीर ने बताया कि उसके एसबीआई क्रेडिट कार्ड का गलत बिल आने पर उसने इंटरनेट पर गूगल से टोल फ्री नबंर सर्च किया। उसने उस नंबर पर कॉल की तो उस नंबर से उसकी फोन कॉल किसी दूसरे फोन पर ट्रांसफर कर दी। उसके बाद उसका फोन हैक कर लिया गया। उसके दो खातों से उसके अलग अलग टाइम पर कई बार करके कुल 49 हजार 777 रुपए की राशि काट ली गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस से उसकी पेमेंट वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### 34 भारी वाहनों के किए चालान

**अंबाला।** गलत लेन में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी है। मंगलवार का पुलिस ने नियम तोड़ने वाले 34 भारी वाहनों के चालान किए। अब तक बीते 615 दिनों में पुलिस 30,068 भारी वाहनों के चालान कर चुकी है। ऐसे वाहन चालकों की लापरवाही से हादसों में इजाफा हो रहा है। इसी वजह से अब पुलिस भारी वाहनों चालकों पर शिकंजा कस रही है।

### नशा तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 ने चूरापोस्त तस्करी में आरोपी सुनील को प्रोडक्शन वारंट के जरिए काबू किया है । उसके कब्जे से पुलिस ने 2 क्विंटल 37 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त जब्त किया था। पुलिस ने अब आरोपी को 7 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में पहले एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि सुनील भी इस मामले में संलिप्त है। 12 जनवरी 2024 को पुलिस ने सूचना के आधार पर भारी मात्रा में चूरापोस्त जब्त किया था। था।

### वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला ।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मामले में वांछित आरोपी पार्थ कुमार को काबू किया है। अदालत ने आरोपी को पीओ घोषित किया था। दरअसल आरोपी पहले दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। इसी वजह से उसे पीओ घोषित किया था। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### विवाहिता को घर से निकाला, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की गोपाल कालोनी निवासी विवाहिता की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने उसके पति बिंद्र व सास सुरेश निवासी गांव पसीना कलां जिला पानीपत के खिलाफ दहेज एक्ट, मारपीट आदि आरोपों में केस दर्ज करवाया है। विवाहिता का आरोप है कि पति व सास ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान जाने वाले श्रद्धालुओं से आवेदन मांगें

**पानीपत।** गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस और महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर जून में पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा में जाने के लिए भारतीय श्रद्धालुओं/जत्थों से भारत सरकार द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। आवेदनकर्ता राज्य सरकार को इसके लिए आगामी 15 अप्रैल तक राज्य सरकार द्वारा जारी प्रोफार्मा भरकर आवेदन कर सकते हैं।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 को

**यमुनानगर।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 जनवरी को आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढांडा करेंगी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिती की बैठक सुबर साढ़े 11 बजे होगी। जिसमें हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढांडा परिवादों की सुनवाई करेंगी। उन्होंने समिति सदस्यों व अधिकारियों को समय पर बैठक में पहुंचने के लिए आहवान किया है।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, जनजीवन बेहाल

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर**

मौसम में बनी पिछले एक महीने से कड़ाके का ठंड का कहर जिले में बादस्तूर जारी है। मंगलवार को भी दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। वहीं, दोपहर तक वाहनों की रफ्तार धीमी रही और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई।

- सुबह घना कोहरा छाए रहने से वाहनों की रफ्तार रही कम

मंगलवार को तड़के तीन बजे से ही जिले में शीतलहर और घना कोहरा का प्रकोप बढ़ने लगा था। आलम यह था कि सड़कों पर सुबह दस बजे तक घना कोहरा छाया रहा। जिसमें लोगों को चार फुट की दूरी पर भी वाहन व अन्य कोई वस्तू दिखाई नहीं दी। वाहन चालक लाइटें जलाकर सड़कों से गुजरने पर मजबूर थे। सुबह करीब ग्यारह बजे के बाद घना कोहरा तो कम हो गया। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे लोगों के कामधंधे प्रभावित रहे।



यमुनानगर। मंगलवार को घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन ।

### महीने भर से नहीं खिली अच्छी धूप

मॉडल टाऊन निवासी कमल, अमित सैनी, विशाल व संजय का कहना है कि इस बार पिछले एक महीने से अब तक एक भी दिन अच्छी धूप नहीं खिली है। गत 26 दिसंबर से लेकर अब तक आसमान में जहां रोजाना धुंध के बादल छाए रहते हैं, वहीं, सुबह के वक्त घना कोहरा व शीतलहर ने लोगों का जीना हराम कर रखा है। लोग ठंड में ठिठूरते हुए अपने काम धंधे निपटाने को मजबूर हैं।

### तापमान में आई गिरावट

जिले में मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से तापमान गिरकर अधिकतम 14 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो तीन दिन तक तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

## ठंड का सितम जारी, अलाव का लोग ले रहे सहरा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र**

जिला में मंगलवार को भी ठंड का सितम जारी रहा। शीतलहर के कारण हर कोई ठंड से बचने के उपाय ढूंढता दिखाई दिया। ठंड से बचने के लिए ज्यादातर दुकानदारों ने अलावा जलाया। शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही है। सड़कों पर घूम रहे गोवंश के लिए यह ठंड खतरा साबित हो सकती है। धूप न निकलने से सर्दी बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड से हर कोई परेशान है। दिन के समय शीतलहर चलने के कारण ठंड अधिक हो रही है। मंगलवार को सुबह के समय हल्की धुंध थी। बाद में कोहरा छंट गया। बादल छाने के कारण दिनभर धूप नहीं निकली। सुबह से लेकर शाम तक ठंडी हवा चलने के कारण अधिकतर लोग अपने घरों के अंदर ही दुबके रहे। ठंड के चलते जन जीवन प्रभावित हो रहा है। सडकों के किनारे कई स्थानों पर लोग अलाव से हाथ सेंककर ठंड से बचाव करते नजर आए।

- शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही



कुरुक्षेत्र। सुबह आसमान में छाई धुंध व अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

### सब्जियों को नुकसान होने की संभावना

किसानों का कहना है कि एक बार फिर से ठंडक बढ़ गई है। जिससे सब्जियों में थोड़ी गलन बढने लगी है। यदि कई दिनों तक धूप नहीं निकली तो सब्जियों को नुकसान होने की संभावना है। वही सर्दी के चलते खांसी, जुकाम व सामान्य बुखार के मरीज बढ़ने लगे है। अधिकतम तापमान 13 व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया है। धुंध व शीत हवाओं के चलने से ठंड बढ़ गई है। ठंड के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों के लिए ठंड में स्कूल तक का सफर करने में बच्चे ठिठुरते नजर आए। लोगों को कहना है कि ठंड के कारण जीना मुश्किल हो गया है। वहीं नगर के पार्कों व बाजारों से रौनक घट गई है। बाजारों में इक्का-दुक्का लोग ही खरीदारी को लेकर आ रहे हैं। वहीं पार्क खाली-खाली से नजर आ रहे हैं। ठंड के कारण लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शीत हवाओं व धुंध के कारण लोगों को सफर करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री आठ फरवरी को अयोध्या जाएंगे

## चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत**

मुख्यमंत्री मनोहरलाल मंगलवार को चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे। पानीपत स्टेशन पर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मुख्यमंत्री का बुके देकर स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी पानीपत के रेलवे स्टेशन पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए। इससे पहले मुख्यमंत्री लाल रेलवे के गेस्ट हाउस में पहुंचे और वहां जलपान किया। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आठ फरवरी को वे अध्योध्या में श्री रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

- सीएम मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए



पानीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

# रोडवेज कर्मी मांगों को लेकर आज करेंगे चक्काजाम

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र**

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के आह्वान पर 24 जनवरी की सांकेतिक हड़ताल की तैयारी के लिए वर्कशॉप गेट पर बैठक की गई। राज्य मोर्चा सदस्य जयबीर घणघस, इंद्र सिंह बधाना, कृष्ण न्यारा,माया राम ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सांझे मोर्चे प्रतिनिधिमंडल की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियो के साथ 11 जनवरी, 10 मार्च, 23 जून व 13 दिसम्बर को चार दौर की बातचीत हो चुकी हैं। सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानती हैं जिन्हें शीघ्र लागू करने का आश्वासन देती रही हैं परंतु मानी गई मांगो के परिपत्र जारी नही कर रही हैं। जिससे कर्मचारियों में सरकार की कार्यशैली व वादाखिलाफी के खिलाफ रोष हैं। सरकार मानी गई मांगों को लागू न करके कर्मचारियों को हड़ताल जैसे आंदोलन करने को मजबूर कर रही हैं। सरकार समय रहते मानी गई मांगों के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांझा मोर्चा सांकेतिक हड़ताल आगे बढ़ने पर विवश होगा। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते मानी गई मांगो के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांकेतिक को आगे भी बढ़ाया जा सकता हैं।

- मानी गई मांगों का परिपत्र जारी नहीं करने पर आदोलन की चेतावनी



कुरुक्षेत्र। रोडवेज कर्मियों को संबोधित करते यूनियन नेता। फोटो : हरिभूमि

**ये है मांगें:** मुख्य मांगों में हिट एंड रन भारतीय न्याय सहिता काले कानून को तुरंत वापिस लिया जाए, 265 मार्गो पर असिमत परमिट पॉलिसी को वापिस लेकर रोडवेज बेड़े में नई बसे खरीदी जाए,परिचालक,चालक, लिपिकों की वेतन विसंगति दूर की जाए,देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लिया जाए,बसों के मरमत कार्य कम्पनी को न दिया जाए, 2016 में भर्ती हुए चालको सहित दादरी डिपो के 52 हेल्परो को पॉलिसी बना कर पक्का किया जाए,2002 में भर्ती हुए चालको को नियुक्ति से पक्का करके इन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए,28/10/2005 से पहले भर्ती प्रकिया के तहत भर्ती होने वाले कर्मचारियों को सरकार के आदेशों अनुसार पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए, ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कडर से बहार करके तकनीकी पदों पर प्रमोशन की जाए, बकाया कई वर्षों के बोनस का भुगतान किया जाए,तकनीकि वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतन मान दिया जाए।

## सूने घर से 90 हजार की नकदी समेत आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** शहर की कुलदीप नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 90 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य वैष्णो देवी माथा टेकने के लिए गए हुए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर ही ज्वैलरी बनाने का काम करता है। 19 जनवरी को वह घर का ताला लगाकर परिवार के साथ वैष्णो देवी मंदिर में माथा टेकने के लिए गया था। वह वह देर शाम वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी दो अलमारियों के ताले व लॉकर टूटे हुए थे। जांच करने पर अलमारी में रखी दो सोने की चेन, एक जोड़ी झुमकी, चार जोड़ी टोपस, सोने की चार अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक पैंडल, आठ जोड़ी पायल, 90 हजार रुपये तथा चांदी की स्क्रैप गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# प्रतिबंधित डेढ़ लाख टैबलेट के साथ युवक काबू

- आरोपी दो साथियों के साथ मिलकर करता था प्रतिबंधित दवाइयों का धंधा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर**

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने शहर की बैंक कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित करीब डेढ़ लाख टेबलेट बरामद की है। आरोपी अपने दो साथियों के साथ मिलकर प्रतिबंधित दवाईयों का धंधा करता था। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज बलराज सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि बैंक कालोनी में किराये के मकान में रह रहे युवक नशे में प्रयोग होने वाली प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई करते हैं। इस सूचना पर टीम ने छापेमारी की। मकान से हिमांशु को पकड़ा गया। वहां से डेढ़ लाख टेबलेट बरामद हुई। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी अपने साथी लालद्वारा निवासी साहिल व अंबाला निवासी प्रशांत के साथ मिलकर नशे का अवैध रूप से धंधा कर रहा था। वह तीनों एक मकान में रहते हैं।



यमुनानगर की एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक ।

### नशातस्करों पर की जा रही है लगातार कार्रवाई



एएसपी हिमांद्री कौशिक ने बताया कि नशा तस्करी करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में लगभग तीन लाख प्रतिबंधित दवाइयों के साथ आरोपितों को पकड़ा जा चुका है। इन दवाईयों की कीमत लगभग 15 लाख है। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ की जा रही है कि वह कहां से टेबलेट लेकर आते थे। आरोपी के साथियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कपड़ा बेचने के बहाने से घर पर आए दो लोगों ने उड़ाए 25 हजार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर**

- पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव तेजली निवासी सुंदर नगर फेस टू से घर पर कपड़ा बेचने के बहाने से आए दो लोगों ने 25 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसा सुंदर नगर निवासी सिकंद्र खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को उसके पत्नी जिन्नत खातुन घर पर अकेली थी। इस दौरान दो लोग कपड़ा बेचने के लिए उसके घर पर आए। आरोपी उसकी पत्नी को कपड़ा खरीदने के लिए कहने लगे। उसकी पत्नी ने आरोपियों को कपड़ा खरीदने से मना कर दिया और पड़ोस में चली गई। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी वापस आई तो घर में रखी पेटी खुली पड़ी थी। जांच करने पर पेटी में रखे 25 हजार रुपये गायब थे। उसकी पत्नी ने उसे फोन कर घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लें छात्र

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) में मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती (पराक्रम दिवस) पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन इतिहास विभाग द्वारा करवाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, विचार एवं राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया एवं साथ ही आजाद हिंद फौज द्वारा दिए गए बलिदानों का भी वर्णन किया।

**सुगम होगा मार्ग**

**पानीपत से छाजपुर रोड होगी चार लेन, एचएसआरडीसी निर्माण करेगा**

### खस्ता हालत में पड़े मार्ग का होगा कालाकल्प

# सीएम आज वर्चुअल शुभारंभ करेंगे, 75 करोड़ आएगी लागत, सनौली रोड पर सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत**

पानीपत शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग सनौली रोड की कागजी कार्यवाही पूर्ण होने के बाद लगभग 75 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराया जाएगा। वही मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया और विधायक प्रमोद कुमार विज के ड्रीम प्रोजेक्ट सनौली रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से करेंगे। लम्बे समय से खस्ता हालत में पड़े इस मार्ग का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शिलान्यास करने के उपरांत चालू किया जाएगा। एचएसआरडीसी फोर लेनिंग का काम करेगा। वही 75 करोड़ की लागत से होने जा रहे इस राज मार्ग का लाभ शहर वासियों को तो मिलेगा ही साथ में उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा।

- उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा



पानीपत। मुख्यमंत्री मनोहर के साथ विधायक प्रमोद विज का फाइल फोटो।

### व्यापारियों के व्यापार में सुधार आएगा

मार्ग के बन जाने से शहरवासियों को आवागमन में आसानी होगी एवं समय की बचत होगी। वहीं इस मार्ग पर निर्भर व्यापारियों का व्यापार सड़क टूटी होने से प्रभावित था, अब मार्ग के बन जाने से व्यापारियों के व्यापार में भी सुधार आएगा। विधायक प्रमोद विज ने बताया कि पानीपत के वंदेमातरम् चौक से गांव कुराड़ तक 11 किलोमीटर राजमार्ग बनेगा। इस राजमार्ग के बनने से आवागमन और अधिक आसान हो जाएगा और सनौली मार्ग जाम मुक्त हो जाएगा। सडक के निर्माण कार्य के पश्चात मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए फैंसी लाइट्स लगाई जाएगी और पौधे रोपे जाएंगे।

# बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में कर्मियों ने दिया धरना

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल**

ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर 12 में बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में धरना देकर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। धरने की अध्यक्षता सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने की और संचालन सर्कल सचिव राजेंद्र राणा ने किया। सर्कल चेयरमैन एनपी सिंह चौहान व सर्कल सचिव राजेंद्र राणा और विशाल बनवाला ने कहा कि 10 अक्तूबर 2023 को बिजली मंत्री के साथ यूनियन की वार्ता हुई थी। बिजली मंत्री ने कई मांगों पर सहमति प्रकट करते हुए लागू करने की बात कही थी। खेद का विषय है कि कोई भी मांग धरातल पर लागू नहीं हुई। यदि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो आने वाली चार फरवरी को सर्व कर्मचार संघ की आक्रोश रैली में बिजली के सभी कच्चे व पक्के कर्मचारी भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधान यूनिट नंबर एक नरेश मेहला, सचिव यूनिट नंबर दो जय कुमार, असंध यूनिट प्रधान महेंद्र पाल, सिटी यूनिट प्रधान अजीत सैनी, सचिव रमेश शर्मा, संजीव मलिक, शंटी कांबोज, कमलजीत, सुरेंद्र कांबोज, मांगेराम, गुरविंद्रं सिंह, रामतेज, विनोद, रोहित पुनिया, महाबीर सिंह, डिंपल, पवन, मनोहर लाल, संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।




धरनार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

खबर संक्षेप



### आप के कार्यकर्ताओं ने बोस को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर शिवमोहन गुप्ता, भूषण वधवा, जसबीर कुमार, प्रवेश सहगल, अरुण कटारिया, भारत भूषण किराड, संजय अहलूवालिया, मुकेश सैनी, प्रीतम अहलावत, संदीप सभरवाल,अमित किराड़ आदि मौजूद रहे।



### खिलाड़ी व स्वतंत्रता सेनानी परिवार को किया सम्मानित

**सांपला।** खरावड़ गांव में मंगलवार को चिंतनशील मंच की तरफ से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर गांव के होनहार खिलाड़ियों व शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। जिसमें धावक रणबीर मलिक ,आरती मलिक, स्नेहा मलिक व नेताजी के साथ अंग्रेजों के साथ लड़ाई लड़ने वाले मेजर शहीद चंद्रभान के बेटे को भी सम्मानित किया गया।



### एमडीयू में नेताजी शोध पीठ स्थापित करने की मांग

**रोहतक।** छात्र संगठन-ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीएसओ) ने सुभाष चौक रोहतक में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। संगठन ने मांग की है कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की शोध पीठ स्थापित की जाए।

### लाखनमाजरा में कम्प्यूटर सेंटर शुरू

**महम।** राजकीय महाविद्यालय लाखन माजरा की प्रिंसिपल इंदू सपरा ने लाखनमाजरा की चमत्कारी मार्केट में एचकेसीएल कम्प्यूटर सेंटर का उद्घाटन किया। प्रिंसिपल ने कहा कि तकनीक का जमाना है। व्यक्ति को विद्यार्थी जीवन के दौरान और पढाई पूरी कर लेने के बाद भी बाद भी कम्प्यूटर काम आता है।

इंडस पब्लिक स्कूल में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा व बोस की जयंती पर हुई विशेष प्रार्थना सभा

# जिले में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई, कई जगह हुए कार्यक्रम



रोहतक। कार्यक्रम में प्रस्तुती देते छात्र।

### विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से देश भक्ति और रामभक्ति का परिचय दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के द्वारा देश भक्ति व रामभक्ति का परिचय दिया। विद्यार्थियों ने रामायण की चौपाइयों, भजन, कविता, भाषण व नृत्य की प्रस्तुति द्वारा वातावरण को राममय व देशमय बना दिया। प्रत्येक प्रस्तुति पर सभागार करतल ध्वनि से गूंज उठा। वहीं, कक्षा आठवीं की छात्राओं सारांशी व हिया ने लव-कुश द्वारा गाई जाने वाली रामायण की मधुर वाणी द्वारा लयात्मक शैली में गायन से भाव-विभोर कर दिया। कक्षा आठवीं से ही छात्रा यतिका, लावण्या व श्रुति मलिक ने अपनी भाव-भंगिमाओं द्वारा अद्भुत नृत्य कर खूब तालियां बटोरी। एक लघु-नाटिका द्वारा छात्रों ने शबरी के श्रद्धा व प्रेम को बखूबी दर्शाया। चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि नेता द्वारा कहे गए ये वाक्य हमेशा याद रखने चाहिए कि उच्च विचारों से कमजोरियां दूर होती है। इसलिए हमेशा अपने विचार उच्च रखने चाहिए। विद्यालय की निदेशक प्राचार्य डॉ. सुषमा झा ने कहा कि सफलता हमेशा असफलता के स्तंभ पर खड़ी होती है इसीलिए किसी को भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए व नेताजी की तरह निडर होकर जीना चाहिए।

## पूर्व सैनिकों ने नेताजी को श्रद्धांजलि दी



**रोहतक।** महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती पर मंगलवार को हरियाणा पूर्व सैनिक संघ मुख्यालय भवन सेक्टर 4 में श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान संघ के प्रधान कर्नल रणधीर सिंह मलिक ने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्र के प्रति त्याग और बलिदान को कभी भूल नहीं सकता। हम सभी आजाद हिंद फौज के त्याग और बलिदान को याद कर श्रद्धा से नमन करते हैं। इस अवसर पर कर्नल नरेश दहिया ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के दिल्ली चलो के नारे ने आजाद हिंद फौज में जोश भर दिया था। लीग के प्रवक्ता कैप्टन जगवीर मलिक ने पूर्व सैनिकों को याद दिलाया कि जय हिंद और तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर नेताजी ने आजाद हिंद फौज ही नहीं देश वासियों में जोश भर दिया था। पूर्व सैनिकों ने प्रशासन से मांग की कि नेताजी की प्रतिमा की ड्रेस का रंग हल्का हरा होना चाहिए जिससे उनकी प्रतिमा की एक सेनापति के रूप में बनी रहे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**सांपला।** कसरेंटी टाईम्स इंटरनेशनल स्कूल मे मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए सुभाष चंद्र के जीवन से प्रेरित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न कविताओं के माध्यम से बोस के जीवन आदर्शों की व्याख्या करते हुए कविता सुनाई। भाषण प्रतियोगिता में एमराल्ड हाउस प्रथम एवं एक्विला हाउस दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा 11वीं की छात्रा भारती का भाषण सबसे अधिक प्रभावित रहा।



## श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय में मनाई बोस की जयंती

**रोहतक।** अस्थल बोहर स्थित श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीईओ डॉ. कुलदीप राव व निर्देशक हंसराज बालवान रहे। प्राचार्य सुरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सीईओ डॉ. कुलदीप राव, निर्देशक हंसराज बालवान ,प्राचार्य सुरेंद्र सिंह व सभी स्टाफ मेंबर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र के सामने पुष्पांजलि अर्पित की। निर्देशक हंसराज बालवान ने बताया कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। नेताजी ने देश सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फ्रौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। सीईओ डॉ. कुलदीप राव ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा....! और जय हिन्द जैसे नारों से आजादी की लड़ाई की धार को तेज किया था।

## चमत्कारिक व्यक्तित्व थे नेताजीः धर्मपाल मलिक



**रोहतक।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने युवाओं में ऊर्जा का संचार भरते हुए देश की आजादी के आंदोलन के दौरान युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट होकर लडने की नई प्रेरणा दी थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उक्त विचार ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक धर्मपाल मलिक ने व्यक्त किए। वे मंगलवार को जाट कॉलेज में एनएसएस द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र की जयंती पर आयोजित विशेष शिविर में वालिंटियर्स को संबोधित कर रहे थे। कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी व एनएसएस की पांचों यूनिटों के अधिकारियों ने स्वागत किया। इससे पूर्व मुख्य वक्ता व सभी एनएसएस अधिकारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान सभी वालिंटियर्स ने देश सेवा के प्रति हमेशा तैयार रहने का संकल्प भी लिया। धर्मपाल मलिक ने कहा कि नेताजी एक चमत्कारिक व्यक्तित्व के धनी थे। जिन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था। प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने भारत की आजादी के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस बलिदान को हर भारतीय को याद रखना चाहिए और अपने देश के प्रति एक ईमानदार नागरिक बनकर देश के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में मंच संचालन छात्र जतीन मलिक ने किया। डॉ. शमशेर धनखड़ ने सभी का धन्यवाद किया। वहीं छात्र अरमान व हिमांशु ने भक्ति गीत गाकर सभी को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया।

## महान व्यक्तित्व के जाने के बाद भी अमर रहते है उनके विचारःडॉ. जयपाल शर्मा



**रोहतक।** अदम साहसी, वीरवर, लीक से हटकर नई राह बनाने वाले व्यक्ति थे नेता सुभाष चन्द्र बोस। उन्होंने आईसीएस जैसे पद को देश सेवा के लिए छोड़ दिया व अपना पूरा जीवन देश की आजादी को समर्पित कर दिया। ये विचार मंगलवार को गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में कॉलेज की यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोस के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने कहा युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपना कुछ समय समाज सेवा व राष्ट्र की उन्नति में लगाना चाहिए।

इस मौके पर यूथ रेडक्रॉस इकाई एक के काउंसलर डॉ. तरुण वत्स, मनीषा कौशिक व इकाई दो के काउंसलर डॉ. कपिल कौशिक ने भी सुभाष चन्द्र बोस पर अपने विचार रखे।



## वैश्य कॉलेज में मनाया पराक्रम दिवस

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज में देश के महाननायक सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया । वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान नवीन कुमार जैन ने विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस जयंती की शुभकामनाएं दी व सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको प्रणाम किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने बोस द्वारा कही बातों को याद किया। इस अवसर पर सुभाष गुप्ता, अरुण आर्या गवर्निंग बॉडी मेंबर और सभी स्टाफ सदस्य शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षा भारती स्कूल में मनाया पराक्रम दिवस



**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम संयोजिका आचार्या रुचि ने बताया कि हम सब नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुभाष चंद्र बोस 16 वर्ष की आयु से ही स्वामी विवेकानन्द और रामकृष्ण की रचनाएं व शिक्षाओं से बहुत प्रभावित थे। वे पढ़ाई में काफी अच्छे थे। भारत में राष्ट्रवादी उथल-पुथल के बाद वे अपने देश भारत वापस आ गए और असहयोग आंदोलन में शामिल हो गए जिसकी शुरुआत महात्मा गांधी ने शुरू की थी। विद्यालय प्राचार्य डएॅ. संजय सोनी ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत राष्ट्र के असाधारण नेतृत्वकर्ता थे। उन्होंने आजाद हिंद फ़ौज की स्थापना की और हजारों भारतीय युवाओं को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा भारती विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, प्रबंधक रामचरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डा. दिनेश मदान ने सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

## तलवारबाजी में एमडीएन के छात्र ने जीता स्वर्ण पदक



**रोहतक।** एमडीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सातवीं कक्षा के छात्र ध्रुव नैन ने जगदलपुर (छत्तीसगढ़) में 14 से 17 जनवरी तक आयोजित नेशनल गेम्स में तलवारबाजी में अंडर-14 के आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपना व स्कूल का नाम रोशन किया है। यह जानकारी विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेशन डायरेक्टर कृष्ण कुमार ने दी। उन्होंने छात्र को बधाई दी तथा उसका मनोबल बढाते हुए कहा कि सकारात्मक सोच के साथ की गई मेहनत से ही सफलता मिलती है। उन्होंने उसे भविष्य में और ऊंची उड़ान भरने के लिए प्रोत्साहित किया।

## सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय में सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलानौर



सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय, कलानौर में उधमिता विकास प्रकोष्ठ (ई.डी.सी.) द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों में उधमिता के बारें में जागरूकता फैलाई। निशा बतरा, सहायक निर्देशक, भिवानी ने सेमिनार के थीम पर पर प्रकाश डाला। राहुल फंसवाल ने विद्यार्थियों को बताया कि किस तरह से अपना मैनुफेक्चरिंग यूनिट लगा सकते है। मोहिन्दर कुमार मेहला, पी.एन.बी. बैंक ने ऋण के बारे में जानकारी दी कि किस प्रकार से लोन लेकर आप अपना बिजनेस शुरू कर सकते हो। कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां आज के समय की मांग है और विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक है। डॉ. पूनम अधलखा ने आई हुई टीम का स्वागत किया और अन्त में डॉ. मानसा रॉय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## मानवता के लिए कल्याणकारी हैं प्रभु राम के आदर्शः महंत राजेंद्र दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



भगवान राम का जीवन सृष्टि के संचालन के आदर्शों की आचार संहिता है। मानवता के कल्याण के लिए उन्होंने राजशी ठाठ-बाट छोड़कर वनवास के तपोमयी जीवन का रास्ता अपनाया था ताकि उनके तपोंमयी व आदर्श जीवन की झलक पूरे ब्रह्मांड को मिल सके। ये उद्गार माजरा स्थित जटेला धाम में रामोत्सव के अवसर पर साध संगत को संबोधित करते हुए पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राम की महिमा का बखान भारत के संतों व महात्माओं ने किया है। हरियाणा के संतों का तो सारा साहित्य राम की लीलाओं से भरा पड़ा है। संत नितानंद ने तो सिमरन व साध के अंगों में राम की लीलाओं को काव्यात्मक रूप में प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि प्रभु राम की भक्ति करके हनुमान व सबरी भी धन्य हो गए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विजय ने कहा कि राम की लोक कल्याण कारी लीलाओं से वंचित रखने के लिए विदेशी आक्रांत होने अयोध्या में उनके जन्म स्थान को बाबरी मस्जिद में बदल दिया था। 500 वर्षों के लंबे संघर्ष और लाखों कुर्बानियों के बाद अयोध्या को भगवान राम मिले हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जीएसटी कमिश्नर वीरेंद्र सिंह कलश्यान, उपमंडलाधीश दिल्ली मंजू सिंह, मनमोहन खंडेलवाल, जिला प्रचारक लखपत सिंह,मास्टर ज्ञान सिंह, झज्जर के जिला सहजिला कारवाह सुरेंद्र कमांडो, सरपंच विनोद कुमार, पंडित सूरजमल, सरपंच नीरज, रविंद्र सिंह, नित्यानंद सेवा समिति के प्रधान करतार सिंह, रघुवीर सिंह, धर्म सिंह, दर्शन सिंह, राजेंद्र सिंह, अजीत साहब, अमित शर्मा, सरपंच कृष्णा, बिगड़ा, सरपंच अनूप मौजूद रहे।

## यज्ञ, भंडारे से भाइचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है

**रोहतक।** झज्जर चुंगी स्थित देवी विहार सरकूलर रोड पर 500 वर्षो के कड़े संघर्ष के पश्चात अयोध्या में राम लला के विराजमान होने की खुशी में प्रवीन कौशिक, पूर्व सरपंच पहरावर द्वारा देशी घी के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रवीन कौशिक ने बताया कि आराध्य भगवान श्रीराम का जो भव्य मंदिर अयोध्या में बना है वह कुछ ही दिनों में पूरे विश्व का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल व पर्यटक स्थल बन जाएगा। उन्होंने हवन यज्ञ कर पूरे देश के लिए मंगल की कामना की। उन्होंने बताया कि यज्ञ, भंडारे से भाइचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर सतीश गुप्ता, महावीर गर्ग, सुनील शर्मा, विजेंद्र, नीरज कौशिक, सतीश ठेकेदार, ललित समचाना, सोमावीर, भोला, रवींद्र, नरेश प्रधान, आजाद, सोनू, रमेश, रामबीर, मानव, दीपानशु, हरेंद्र, भारती मौजूद रहे।



## आप नेता लवलीन टुटेजा को सीएम के कार्यक्रम में जाने से रोका

**रोहतक।** सीएम मनोहर लाल के कार्यक्रम का विरोध करने की आशंका के चलते पुलिस ने आम आदमी पार्टी के नेता लवलीन टुटेजा को रोके रखा। इससे पहले भी सीएम कार्यक्रम के दौरान अक्सर पुलिस लवलीन टुटेजा को नजरबंद करती रही है। कई मामलों को लेकर आप नेता कार्यक्रम का विरोध जताते रहे हैं।



बोस की जयंती पर अलग-अलग स्थानों पर हुए कार्यक्रम

# महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने नेताजी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कार्यालय में मंगलवार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मडूटा प्रधान डॉ. विकास सिवाच, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ प्रधान राजकुमार शर्मा, निदेशक एलुमनी रिलेशन्स प्रो. सुमित गिल, निदेशक कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल प्रो. दिव्या मल्हान, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. जगबीर नरवाल, डॉ. कर्मवीर श्योकंद, डॉ. जगबीर अहलावत, पीआरओ पंकज नैन, पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया, अजमेर सिंह, राज, नरेन्द्र शीलक, रविन्द्र लोहिया, संजय देसवाल, समुन्द्र दलाल, कृष्ण कुमार, चांद समेत अन्य एमडीयू कर्मियों ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की फोटो पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर विद्यार्थी-युवा वर्ग को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र तथा राष्ट्रीय सरोकारों के प्रति समर्पण भाव रखने का आह्वान विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने किया।



### एक्टिविटी सेंटर में अर्पित किए श्रद्धासुमन

छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में मंगलवार को स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर याद किया गया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। डीन एकेडमिक एफेयरस प्रो. एएस मान, कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, निदेशक युवा कल्याण डा. जगबीर राठी, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी, सहायक निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी, डॉ. सुरेन्द्र यादव, पीआरओ पंकज नैन समेत प्राध्यापकों, गैर शिक्षक कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और महान स्वतंत्रता सेनानी को नमन किया।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्यायें
M. 8689006190, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स

नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS Doctor 2
- Nursing Staff 6
- RMO 4
- Computer Operator 1
- Accountant 1
- Gatekeeper 3
- Sweeper 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस की गौरव यात्रा 26 को महम में

**महम।** कांग्रेस इकाई द्वारा महम में 26 जनवरी को सुबह 9 बजे चौबीसी चबूतरे से लेकर कांग्रेस कार्यालय तक गौरव यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का नेतृत्व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा और पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी करेंगे। कांग्रेस नेता बलराम दांगी ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से इस यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### नांदल को संयोजक बनाने पर खुशी जताई

**कलानौर।** भाजपा नेता सतीश नांदल को पार्टी का रोहतक लोकसभा क्षेत्र का संयोजक नियुक्त किए जाने पर भाजपा पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने खुशी प्रकट की है। संयोजक सतीश नांदल का कहना है कि वह पार्टी संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को निष्ठा पूर्वक निभाएंगे और पार्टी जनहितकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

### किसान मोर्चा की ट्रैक्टर परेड का किया समर्थन

**रोहतक।** जनवादी महिला समिति संयुक्त किसान मोर्चा व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा 26 जनवरी को भी निकाली जा रही ट्रैक्टर व व्हीकल परेड का समर्थन करती है। जनवादी महिला समिति भी इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेगी। जनवादी महिला समिति की राज्य अध्यक्ष सविता व महासचिव उषा सरोहा ने कहा कि किसान आन्दोलन के दबाव में भाजपा सरकार ने कृषि विरोधी तीन कानून को वापस लेते हुए किसानों को एमएसपी देने का वादा किया था जिसे आज तक लागू नहीं किया गया है।

### 10 फरवरी तक ओपन रहेगा पैनल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि से संबद्ध महाविद्यालयों की एमएड दो वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर के पीजीडीसीए, पीजीडीआरपी व डिप्लोमा इन योगा साइंस प्रथम सेमेस्टर तथा डीपीएड के प्रथम व तीसरे सेमेस्टर के इंटर्नल एसेसमेंट अवार्ड्स अपलोड करने के लिए ऑनलाइन पैनल आगामी 10 फरवरी 2024 तक ओपन रहेगा। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएस सिन्धु ने बताया कि 10 फरवरी तक उपरोक्त पाठ्यक्रमों के इंटर्नल असेसमेंट अवार्ड्स ऑनलाइन पैनल पर अपलोड कर सकते हैं।

# युद्धग्रस्त इजराइल में मजदूरी भी किस्मत वालों को, श्रमिकों का निकाला जाएगा ड्रा

## महर्षि दयानंद विवि ने लेबर की फिजिकल टेस्ट प्रक्रिया पूरी की, करीब 600 पास

अमरजीत एस गिल ▸▸ रोहतक

15 से 21 जनवरी तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में प्रदेश के श्रमिकों को नौकरी के लिए इजराइल भेजने के टेस्ट लिया गया। करीब 1900 मजदूरों ने इसमें भाग लिया। इनमें से करीब 600 उत्तीर्ण हुए हैं। हालांकि पूरी संख्या एमडीयू में मजदूरों की भर्ती करने आई इजराइल की टीम ने विश्वविद्यालय को नहीं बताई है। फिजिकल टेस्ट पास करने वालों में से कितने इजराइल जाएंगे, इसके लिए बकायदा ड्रा होगा। जिसका नाम ड्रा में आएगा, उसे ही सरकार भेजेगी। यानी के अगर किस्मत अच्छी हुई तो ही युद्धग्रस्त इजराइल में मजदूरी मिलेगी। ध्यान रहे कि राज्य सरकार ने 10 हजार मजदूरों को इजराइल भेजने के बारे में कहा है। इसके लिए एमडीयू को इजराइल विशेषज्ञों की मौजूदगी में श्रमिकों का फिजिकल टेस्ट लेना था। टेस्ट प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।



### जानकारी नहीं की साझा

श्रमिकों की टेस्ट प्रक्रिया पिछले दिनों पूरी हो चुकी है। कितने मजदूर इस प्रोसेस में उत्तीर्ण हुए हैं। ये जानकारी इजराइल टीम ने साझा नहीं की। जो लोग टेस्ट पास होंगे, उनका लॉटरी सिस्टम से ड्रा होगा कि इजराइल कौन-कौन जाएगा।

-प्रो. युद्धवीर सिंह
महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक



### कर रहे हैं इंतजार

मेहनती हरियाणवी मजदूरों को अब विदेश जाने का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। लेकिन इंतजार जल्द खत्म नहीं होगा। क्योंकि किसी भी व्यक्ति को विदेश भेजने की प्रक्रिया काफी लंबी है। ऐसे में तो मुश्किल तब और भी बढ़ जाती हैं, जब जिस देश में व्यक्तियों को भेजा रहा है, वहां कोई बड़ा संकट हो। ध्यान रहे कि तीन-चार महीने से इजराइल और हमास में युद्ध जारी है। इस लड़ाई की वजह से ही इजराइल ने फिलिस्तीन के श्रमिकों को देश से बाहर कर दिया। इनकी कमी को पूरा करने के लिए ही हरियाणा सरकार अपने लोगों को वहां भेज रही है। बताया जा रहा है कि टेस्ट देने के बावजूद अब कम से कम एक डेढ़ महीना और मजदूरों को इजराइल जाने में लगेगा।

### ये भी जानें

इस साल जनवरी में जारी सीएमआईई के आंकड़े बताते हैं कि 37.4 प्रतिशत के साथ हरियाणा में बेरोजगारी दर भारत में सबसे अधिक है। जबकि राष्ट्रीय बेरोजगारी दर 8.3 प्रतिशत है। हालांकि सरकार इस डाटा को खारिज कर रही है।

जैसा की बताया जा रहा है हरियाणा में बेरोजगारी दर 2013-14 में 2.9 प्रतिशत थी, जो 2021-22 में बढ़कर 9 प्रतिशत हो गई। 31 जुलाई 2023 तक, राज्य में 5.44 लाख बेरोजगार युवक नौकरी के लिए रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत हैं।

### हर महीने मिलेगी 6100 इजरायली मुद्रा

मालूम हो कि इजरायल के लिए जो कुशल श्रमिक भेजे जाएंगे, उनमें तीन हजार श्रमिक फ्रेमवर्क और शटरिंग कारपेंटर ट्रेड, तीन हजार लोहे को मोड़ने वाले, दो हजार सिरेमिक टाइल और दो हजार प्लास्टर ट्रेड के श्रमिक शामिल हैं। चयनित होने के लिए ही पिछले दिनों एमडीयू में प्रदेशभर के बेरोजगार पहुंचे थे। इनमें से कई ने कहा था कि दो वक्त की रोटी के लिए इजराइल जाना भी स्वीकार्य है। बताया जा रहा है कि इजराइल में हर महीने की तनख्वाह 6100 इजरायली मुद्रा मिलेगी। यह भारत के रुपए के हिसाब से 1.37 लाख रुपए बनती है। वेतन भले ही भारतीय मुद्रा में काफी ज्यादा दिखाई देता हो। लेकिन यहां ये भी नहीं भूलना चाहिए कि वहां खर्च भी इजराइल की करंसी में करना होता है। ऐसे में मजदूरों की हालत इजराइल में ऐसी होगी, जैसे की हरियाणा में दूसरे राज्यों से आए श्रमिकों की होती है।



### पुलिस ने युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता को रोका

**रोहतक।** पुलिस ने हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ और उनके प्रवक्ता साथी धर्मेन्द्र रिटोली को सीएम कार्यक्रम का विरोध करने से रोका। बीते दिनों वशिष्ठ ने रोहतक के नगराधीश को प्रदेश की युवाशक्ति की जायज मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा था और उसी समय उन्होंने कहा था कि अगर सरकार ने ये मांगें नहीं मानी तो मुख्यमन्त्री मनोहर लाल के रोहतक आगमन पर वे काले झंडे दिखाकर उनके कार्यक्रमों का विरोध करेंगे। इस दौरान सीएम मनोहर लाल शहर में पहुंचे तो पुलिस ने कांग्रेसी नेता को कार्यक्रम में जाने से रोक दिया।

## बिजली निगम कर्मियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

पुरानी पेंशन लागू करने, बिजली निगमों में तकनीकी कर्मचारियों के लिए जोखिम भत्ता 5000 रुपये, सभी तरह के अनुबंधित/ पार्ट टाइम/ संविदा कर्मियों को पक्का करने, समान काम समान वेतन देने, बिजली निगमों में सभी तरह के पदों पर स्थाई करने सातवें वेतन आयोग के अनुसार एचआरए भत्ते में वृद्धि, करोना में फ्रीज डीए का भुगतान करने, कौशल रोजगार निगम को भंग करने, बिजली निगमों में कर्मियों को मिलने वाली बिजली यूनिट की राशि 5000 रुपये करने समेत दूसरी और कई मांग को लेकर बिजली निगम के कर्मचारियों ने मंगलवार को राजीव गांधी विद्युत भवन के बाहर सांकेतिक धरना दिया।

कर्मियों ने नारेबाजी के बाद अधीक्षक अभियंता मनिंद्र काद्यान को ज्ञापन दिया। धरने को यूनियन के राज्य सचिव प्रभु दयाल , धर्मराज कुंडू , संदीप जांगड़ा, सुनील शर्मा ने भी संबोधित किया





## भाजपा जिला टीम ने किया मुख्यमंत्री का अभिनन्दन

रोहतक। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के लिए रोहतक पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जिला टीम ने जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका के नेतृत्व में भव्य अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने सबसे चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा आह्वांवित विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा भी की। साथ ही उन्होंने मंदिर सफाई अभियान व प्रदेश बाकी लोक कल्याण की नीतियों के बारे में सजग रहने की नसीहत दी । इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, उदयभान मलिक, वीरसिंह हुड्डा, पंकज छाबड़ा, अनिता बधवार, सुरेश किराड़, आशा शर्मा,डॉ. अशोक रंगा, विशाल ढल, दीपू नागपाल, वजीर खोखर, रॉकी सहगल, दिनेश गोयल आदि अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### नवीन जयहिन्द को कार्यक्रम करने से रोका



**रोहतक।** पुलिस ने मंगलवार को नवीन जयहिंद को कार्यक्रम करने से रोक दिया। नवीन साथियों के साथ सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करने और उनके जन्मदिन का केक काटने के लिए निकले तो पुलिस कर्मी दल बल के साथ जयहिन्द के टैंट में पहुंच गए और उन्हें टैंट में ही नजरबन्द कर दिया। इस दौरान नवीन जयहिंद अलाव का कोयला पैर पर गिरने की वजह से झुलस भी गए। उनके साथी उन्हें व्हील चेयर पर बैठा कर ले जा रहे थे तो पुलिस और प्रशासन ने उन्हें उनके टैंट के बाहर ही रोक दिया।जयहिंद ने रोके जाने पर कहा कि वे कोई विरोध-प्रदर्शन करने नहीं बल्कि नेताजी का जन्मदिन मनाने जा रहे है। उन्हें खुशी है कि मुख्यमंत्री भी समारोह कर उनकी जयंती मना रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## प्रदेश से 10 कमल जीतकर सौंपेंगे प्रधानमंत्री को : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका की उपस्थिति में पूर्व पार्षद नौरतामल भटनागर भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा हम सब हरियाणवी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 10 कमल जीत कर भेंट करेंगे। राम मंदिर बनवाकर मोदी ने एक इतिहास बनाया है जो कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरक बनेगी।

प्रदेशाध्यक्ष ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया व पार्टी में विधिवत शामिल करवाया। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने सबका परिचय करवाया और पूर्व पार्षद का पुनः आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर प्रदेश सचिव रेणु डाबला, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, ओमप्रकाश बागड़ी, मंडल अध्यक्ष राजीव भांखर, सुरेंद्र माड़ू,



रॉकी सहगल, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

### इन नेताओं ने ज्वाइन की भाजपा

पार्षद नौराताामल भटनागर की धर्मपत्नी पूर्व पार्षद नीरा भटनागर, कांग्रेस के बूथ वर्कर दीपक गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद पुरोहित, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र कुमार, रवि कुमार, राकेश प्रजापति, अभिषेक भटनागर व अभिनव ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा है।



### सर्व कर्मचारी संघ ने की मीटिंग

**रोहतक।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जत्थे ने 4 फरवरी 2024 को रोहतक में होने जा रही रैली की तैयारी के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, हुडा विभाग व बिजली विभाग में गेट मीटिंग की। जत्थे के रूप में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट,आल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के राज्य चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा,जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच,जिला सचिव मनजीत पांचाल,जिला कोषाध्यक्ष जोगिंदर दलाल,जिला ऑडिटर दीपक जांगड़ा मौजूद रहे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए धर्मवीर फोगाट ने कहा की भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार लगातार सरकारी विभागों का निजीकरण करने पर तुली हुई है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सार्वजनिक सेवाओं को बचाने के लिए लंबे समय से संघर्षरत है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 4 फरवरी को रोहतक में राज्य स्तरीय रैली करेगा तथा आगामी आंदोलन की घोषणा भी करेगा। सभी अस्थाई व स्थाई कर्मचारियों से अनुरोध है कि 4 फरवरी 2024 को रोहतक में होने जा रही आक्रोश रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। इस मौके राजकुमार शर्मा,अजमेर सिंह,वरुण,धर्मराज कुंडू,विनोद, जय भगवान चहल,सत्यवान राठी सहित सैकड़ो कर्मचारी मौजूद रहे।

### परेड गणतंत्र दिवस के सरकारी आयोजनों के बाद निकाली जाएगी

# किसानों ने की ट्रैक्टर परेड की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

संयुक्त किसान मोर्चा व विभिन्न ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारियों की बैठक में मंगलवार को गणतंत्र दिवस की ट्रैक्टर परेड के आह्वान को सफल बनाने की तैयारियों की समीक्षा की गई। मीटिंग की अध्यक्षता सत्यवान ने की।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर किसानों व मजदूरों की मुख्य मांगों पर देश के 500 जिला मुख्यालयों पर ट्रैक्टर तथा अन्य वाहनों की परेड निकाले जाने का आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के तालमेल की ओर से किया गया है। ये परेड गणतंत्र दिवस के सरकारी आयोजनों के बाद की जाएंगी। इसके अलावा 16 फरवरी को विभागीय हड़ताल और ग्रामीण भारत बंद का आयोजन होगा । बैठक में वाहन चालकों के लिए हाल ही में किये गए कानून संशोधनों की कड़ी आलोचना करते हुए हरियाणा रोडवेज की यूनियनों के सांझे मोर्चे द्वारा की जा रही 24 जनवरी हड़ताल को पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया।





रोहतक। मीटिंग करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा व विभिन्न ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारी।

प्रदेश में चल रही पटवारी व गिरदावरों की हड़ताल का भी समर्थन बैठक में किया है। किसान नेता सत्यवान ने बताया कि तीन कृषि कानूनों की वापसी के उपरांत किसान आंदोलन को निलंबित करने के अवसर पर मोदी सरकार ने अन्य मुद्दों पर किसानों से किये गए विश्वासघात के खिलाफ देश के किसानों में गहरा रोष है। उधर कार्पोरेट के इशारे पर श्रम कानूनों को हटाकर लेबर कोड थोप कर मजदूर वर्ग को फिर से बंधुआ बनाने के रास्ते पर ले जा रहे हैं। किसान व ट्रेड यूनियन नेताओं ने बताया कि वह गांव गांव जाकर जनजागरण का काम कर रहे हैं और 26 की ट्रैक्टर परेड में तमाम तरह के वाहन बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिकता और फूटपरस्ती की साज़िशों को हर हालत में विफल करके मौजूदा कार्पोरेट परस्त किसान मजदूर विरोधी नीतियों वाली भाजपा सरकारों को सबक़ सिखाएंगे।

बैठक में कामरेड सत्यवान, इंद्रजीत सिंह, जय भगवान, सतबीर सिंह, सुमित दलाल, प्रीत सिंह, वीरेंद्र सिगरोहा, उमेश मौर्य, सुरेखा आदि ने भाग लिया और तय किया कि आज गणतंत्र और संविधान को तबाह करके भाजपा सरकार देश पर जिस प्रकार तानाशाही थोप रही है, उसे परास्त करने के लिए किसान, मजदूर, छात्र, युवा, कर्मचारी, बुद्धिजीवी व अन्य तबकों को साथ लाने के प्रयास किए जाएंगे। मीटिंग से पहले नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उनको नमन किया।



### एमडीयू की महक ने जीता कांस्य पदक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि की बॉक्सर महक ने इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक। एलपीयू फगवाड़ा द्वारा आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी स्पर्धा के सेमी फाइनल में इन्होंने +81 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। कोच मनोज मालिक ने बताया कि महक ने बहुत ही अच्छी फाइट लड़ी। इधर एमडीयू के खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग ने बताया कि विवि की पुरुष खो खो टीम कालीकट केरल में होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए रवाना हो गई है।



### स्लोगन राइटिंग में शीतल प्रथम

**महम।** राजकीय महाविधालय महम में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एड्स जागरूकता विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संतोष हुड्डा ने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स होने के कारण, बचाव, सावधान रहने के तरीके और सकारात्मक सोच रखने से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने चार्ट के माध्यम से आकर्षक स्लोगन लिखे। स्लोगन लेखनमें बीकॉम फाइनल की छात्रा शीतल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए द्वीतीय वर्ष की छात्रा अनिता दूसरे और बी कॉम प्रथम वर्ष की साक्षी तीसरे स्थान पर रही। इस मौके पर प्राध्यापक रामनिवास व डॉ. भूपेंद्र सिंह समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

### संगठनों ने अग्निवीर का विरोध जताया

**रोहतक।** दीनबंधु चौधरी सर छोटूराम धाम गढ़ी सांपला में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में मंगलवार को आसपास की विभिन्न खाप, किसान संगठन और युवा एकत्रित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए धनखड़ खाप के प्रधान डॉ. ओमप्रकाश ने कहा कि सरकार ने अग्निवीर स्कीम को बंद कर देना चाहिए। क्योंकि इससे सैनिक की बजाय कारपोरेट के लिए चौकीदार तैयार होंगे। धनखड़ ने कहा कि अग्निवीर से सेना की आंतरिक सुरक्षा भी कमजोर होगी। इसलिए सरकार ने योजना को तुरंत बंद कर देना चाहिए। मीटिंग में जाखड़ खाप, हुड्डा खाप, नांदल खाप प्रधान ओमप्रकाश नांदल जी, कल कल खाप प्रधान राजपाल , देशवाल खाप, अठगामा देशवाल खाप प्रधान धर्मवीर, कप्तान राजेंद्र हुड्डा, रविंद्र हुड्डा किसान नेता प्रदीप हुड्डा मौजूद रहे।



### छात्राओं ने किया योग का अभ्यास

महम। साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय मोखरा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर लगाया गया है। शिविर के दूसरे दिन छात्राओं को योग का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सीमा जैन ने की। एनएसएस स्वयंसेवकों को ग्रामीण परिवेश की समस्याओं से अवगत करवाया गया। प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार सहायक प्राध्यापक भूगोल ने ग्रामीण क्षेत्र में नशे की अधिकता, अशिक्षा, और कृषिगत समस्याओं से छात्राओं को अवगत करवाया। मंच संचालन डॉ. विनोद कुमार व सुनीता धनखड़ ने किया। इस मौके पर ईश्वर सिंह, संदीप कुमार, सोनिया, कृष्ण यादव, रविंदर कुमार, सुखबीर, मनु, दीपक, मुनी व प्रमोद सहित सभी कई स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



### तैमूरपुर में निकाली झांकी व कलश यात्रा

**रोहतक।** श्री रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गांव तैमूरपुर जेठपुर के रामलीला चौक स्थित शिव मंदिर में रामभक्तों ने हवन यज्ञ कर श्रीराम से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद जागृति युवा श्रीरामलीला क्लब तैमूरपुर जेठपुर के बाल कलाकारों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान का अभिनय करते हुए सुंदर झांकी का मंचन किया। ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सवार झांकियों के साथ साथ गांव की महिलाओं ने कलश लेकर प्रभात फेरी निकाली।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव तैमूरपुर जेठपुर के शिव मंदिर को फूलों, रंग बिरगी लाइटों से सजाया गया। गांव के सर्व समाज के बच्चे, महिला, पुरुष व बुजुर्गों ने एकत्रित होकर भगवान श्रीराम को अपने घर विराजने पर खुशी जताई। बाल कलाकार यश, योगेश, सुमित व आशु भट्टी ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान का अभियन कर सुंदर झांकी का मंचन किया।



### विद्यार्थियों ने सीखा पास्ता बनाना

**रोहतक।** तिलियार स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में मंगलवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खिड़वाली के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि 37 छात्रों के इस दल ने संस्थान के विभिन्न विभागों जैसे किचन, फ्रंट ऑफिस, फूड एंड बेवरेज, हाउसकीपिंग का भ्रमण कर वहां की कार्य प्रणाली को जाना। इस दौरान विद्यार्थियों को शेफ राजाराम तथा शेफ पंकज द्वारा पास्ता बनाने की विधि सिखाई गई। इसके पश्चात उन्होंने स्वयं भी पास्ता बनाने का अभ्यास किया।

### भारतीय प्रबंध संस्थान में कार्यक्रम सम्पन्न

**रोहतक ।** भारतीय प्रबंध संस्थान रोहतक ने दो दिवसीय समारोह का आयोजन किया। आयोजन में 20 राष्ट्रीय स्तर की संस्थानों की भागीदारी देखी गई। संस्थान के पूर्व छात्रों सहित अन्य व्यक्तियों ने विभिन्न सम्मेलनों, कार्यशालाओं, स्थानीय घटनाओं, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इन्फ्यूजन 24 का हिस्सा बनने वाले कुछ प्रमुख आयोजन में फिल्म और मीडिया सम्मेलन, प्रबंध शिविर, प्रोनाइट्स और एलुमिनाटी शामिल थे। भारतीय प्रबंध संस्थान, रोहतक के निदेशक प्रोफेसर धीरज शर्मा ने उद्घाटन भाषण में संस्थान के प्रमुख वार्षिक उत्सव की संगठन समिति को उसकी सफलता के लिए बधाई दी, क्योंकि यह आयोजन पूरी तरह से छात्रों द्वारा संचालित था।